क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ,भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय
सरोजनी नगर, लखनऊ, उ. प्र.- 226023
E.S.I.C. Hospital, Sarojini Nagar, Lucknow, U.P.- 226023
Email : ms-lucknow.up@esic.nic.in **Website: www.esic.nic**
Phone: 0522-2473814

हिंदी कार्यशाला द्वितीय तिमाही वर्ष 2023-24

राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 के द्वितीय तिमाही के अंतर्गत क. रा. बी. निगम चिकित्सालय, सरोजिनी नगर, लखनऊ के सभागार में दिनांक 29.08.2023 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया| इस कार्यशाला में कुल 20 अधिकारियों/ कर्मचारियों ने भाग लिया|

हिंदी कार्यशाला के प्रथम सत्र में हिंदी कार्यशाला के उद्‌घाटन के पश्चात श्री अभिषेक कुमार सिंह, राजभाषा अधिकारी, राष्ट्रीय गन्ना अनुसंधान संस्थान ने 'सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी' पर व्याख्यान दिया, जिसमें उक्त विषयान्तार्गत कार्यालयी कामकाज में सूचना प्रौद्योगिकी जैसे यूनिकोड, वाइस टाइपिंग इत्यादि का उपयोग एवं भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा की गई पहल जैसे कंठस्थ, ई-महाशब्दाकोश इत्यादि के सन्दर्भ में बहुत ही उपयोगी व ज्ञानवर्धक जानकारियाँ प्रदान की | तत्पश्चात श्री निरंजन कुमार, उप-निदेशक (वित्त), क. रा. बी. निगम चिकित्सालय, सरोजिनी नगर, लखनऊ ने 'निगम में शिकायत निवारण प्रणाली' पर व्याख्यान दिया| उन्होंने संदर्भित मामले में विस्तार से व्याख्यान दिया एवं जानकारियाँ प्रदान की|

पुन: अपाराह्न में सुश्री जागृति त्रिपाठी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा 'सूचना का अधिकार अधिनियम 2005' पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने 'सूचना का अधिकार अधिनियम 2005' पर बहुत ही रोचक तरीके से सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी, जिसके अंत में एक प्रश्नावली के माध्यम से प्रतिभागियों के ज्ञानवर्धन की पुष्टि की गयी। अपाराह्न के दूसरे सत्र में डा.धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, चिकित्सक आयुर्वेद द्वारा 'स्वास्थ्य और पोषण में मोटे अनाज का महत्त्व' पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बहुत ही वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक तरीके से स्वस्थ व्यक्तियों को स्वस्थ बनाए रखने हेतु दिनचर्या व आहार विहार के साथ साथ मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, सवां, रागी इत्यादि का खानपान में महत्त्व पर बहुत ही लाभदायी एवं अनुकरणीय जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतिभागियों को लेखन सामग्री, सन्दर्भ साहित्य की पुस्तकों के साथ-साथ जलपान एवं भोजन प्रदान किया गया।

हिंदी कार्यशाला के समापन सत्र में चिकित्सा अधीक्षक महोदय ने सभी कार्मिकों को हिंदी कार्यशाला में दिए गए विषयों और व्याख्याताओं के अनुरुप कार्य-व्यवहार करने की सलाह दी। हिंदी के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए सदैव प्रगतिशील भूमिका अपनाने की बात की। इसके साथ दैनिक कार्यों में लक्ष्यगामी प्रगति की निरंतरता बनाए रखने के प्रति प्रोत्साहित भी किया गया। पुन: चिकित्सालय के राजभाषा नियमावली 1976 के अंतर्गत अधिसूचित होने के साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों के प्रति सचेत भी किया।

हिंदी कार्यशाला के अंत में, सभी उपस्थित हुए प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार और अभिवृद्धि बढ़ाने के उद्देश्य साथ इस कार्यक्रम के समापन की सूचना की गयी।

हिंदी कार्यशाला द्वितीय तिमाही वर्ष 2023-24 की कुछ झलकियाँ

H

हिंदी राजभाषा
कार्यशाला

हिं दी रा ज भा षा
का र्य शा ला

हिं दी रा ज भा षा
का र्य

रा ज भा षा
शा ला
ति मा ही
20 23-24

हिं दी रा ज भा षा
का र्य शा ला
ति मा ही
20 23-24

कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय
सरोजनी नगर, लखनऊ, उ. प्र.- 226023